# The Most Important Current Affairs February 2020

## RBI ने छठी द्वि-मासिक मौद्रिक नीति 2019-20 की जारी

- **भारतीय रिजर्व बैंक** की **मौद्रिक नीति समिति** ने अपनी **छठी द्वि-मासिक मौद्रिक नीति 2019-20** जारी कर दी है। भारतीय रिजर्व बैंक की एमपीसी ने पॉलिसी **रेपो दर 5.15%** को **बदलाव नहीं करने** का निर्णय लिया है। MPC ने विकास को पुनर्जीवित करने के लिए मौद्रिक नीति के आक्रामक रुख को बनाए रखने का भी फैसला किया है, जबकि यह सुनिश्चित किया है कि मुद्रास्फीति लक्ष्य का ज्रयों का त्यों बना रहेगा.
  छठी द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति की बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय हैं:-
- चलनिधि समायोजन सुविधा (LAF) के अंतर्गत रेपो दर 5.15% तक अपरिवर्तित रही
- LAF के अंतर्गत रिवर्स रेपो दर समान रही यानी 4.90%
- सीमांत स्थायी सुविधा (MSF) दर और बैंक दर भी समान रही अर्थात 5.40%
- RBI ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए जीडीपी ग्रोथ को 5% से बढ़ाकर 6% कर दिया है।

## क्रूड स्टील के उत्पादक में भारत दुसरे स्थान पर

- **विश्व इस्पात संघ** के आंकड़ों के अनुसार, **भारत, जापान** की जगह लेते हुए चीन के बाद कच्चे इस्पात का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक बन गया है**.** 2019 में भारत का कच्चा इस्पात उत्पादन 111.2 मीट्रिक टन था, जिसमें 2018 में 109.3 मीट्रिक टन की तुलना में इस वर्ष 1.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. चीन 2019 में 996.3 मिलियन टन के साथ नंबर एक पर बना हुआ. संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं.
- यहां 2019 में दुनिया में शीर्ष 5 क्रूड स्टील उत्पादकों की सूची दी गई है:

| **रैंक** | **देश** | **मात्रा(mt)** |
|---|---|---|
| **1.** | **China** | **996.3** |
| **2.** | **India** | **111.2** |
| **3.** | Japan | 99.3 |
| **4.** | USA | 87.9 |
| **5.** | Russia | 71.6 |

## श्रीलंका ब्रेस्ट फीडिंग नीतियों और कार्यक्रमों में सर्वश्रेष्ट प्रदर्शन करने वाला देश: WBTI

- **World Breastfeeding Trends Initiative:** हाल ही में **वर्ल्ड ब्रेस्टफीडिंग ट्रेंड्स इनिशिएटिव** द्वारा किए गए नए सर्वेक्षण में श्रीलंका ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। ये सर्वेक्षण **"स्तनपान समर्थित नीतियों और कार्यक्रमों"** (**Breast Feeding support Policies** and **Programs)** पर आयोजित किया गया था।
- श्रीलंका को विश्व स्तर पर 97 देशों की सूची में सबसे ऊपर रखा गया है। श्रीलंका द्वारा 100 में से 91 अंक हासिल करने के लिए इससे हरा कोड (green color code) दिया गया है। श्रीलंका हरे रंग का कोड प्राप्त करने के साथ ही स्तनपान कराने वाली महिलाओं का समर्थन करने में "ग्रीन" राष्ट्र का दर्जा हासिल करने वाला पहला देश बन गया है।
- 2019 के रिकॉर्ड के अनुसार, श्रीलंका ने 10 संकेतकों में से 7 को हासिल कर हरा कोड प्राप्त किया हैं, जिसमे दो नीले और एक पीला कोड संकेतक शामिल है।

## 2020 EE British Academy Film Awards: जाने किसने जीता कौन-सा अवार्ड, देखें विजेताओं की पूरी सूची

- 2020 EE British Academy Film Awards (BAFTA): लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल में आयोजित पुरस्कार समारोह में वर्ष 2020 के EE ब्रिटिश एकेडमी फिल्म अवार्ड्स (बाफ्टा) प्रदान किए गए। यह पुरस्कारों का 73 वां संस्करण था जिसमे वर्ष 2019 की सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय और विदेशी फिल्मों को अवार्ड दिया गया। इस समारोह में विभिन्न श्रेणियों जैसे बेस्ट फिल्म, आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश फिल्म, डाक्यूमेंट्री, एनिमेटेड फिल्म, डायरेक्टर और कई अन्य श्रेणी के विजेताओं को अवार्ड दिया गया।
- लीडिंग एक्टर का अवार्ड, जोकर के लिए जोकिन फीनिक्स को दिया गया। सैम मेंडेस की फिल्म "1917" ने बेस्ट फिल्म, आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर , सिनेमैटोग्राफी, प्रोडक्शन डिजाइन, साउंड और स्पेशल विजुअल इफेक्ट्स की श्रेणियों में अवार्ड जीतकर इस सूची में अपना दबदबा बनाया।

**यहाँ वर्ष 2020 के EE ब्रिटिश अकादमी फिल्म पुरस्कार के विजेताओं की पूरी सूची दी जा रही है:**

| **S.No.** | **श्रेणी** | **विजेता** |
|---|---|---|
| 1 | बेस्ट फिल्म | 1917 |
| 2 | आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश फिल्म | 1917 |
| 3 | आउटस्टैंडिंग डेब्यू बाय ए ब्रिटिश राइटर, डायरेक्टर ओर प्रोड्यूसर | मार्क जेनकिन (राइटर / डायरेक्टर), केट बायर्स, लिन वाइट (प्रोड्यूसर) (मूवी: बैट) |
| 4 | फिल्म नोट इन द इंग्लिश लैंग्वेज | Parasite |
| 5 | डाक्यूमेंट्री | For Sama |
| 6 | एनिमेटेड फिल्म | Klaus |

| | | |
|---|---|---|
| 7 | डायरेक्टर | सैम मेंडेस (1917) |
| 8 | ओरिजिनल स्क्रीनप्ले | हान जिन वोन, बोंग जून हो (Parasite) |
| 9 | अडेपटेड स्क्रीनप्ले | जोजो रेबिट |
| 10 | **लीडिंग एक्ट्रेस** | **रेनी ज़ेल्वेगर** (Judy) |
| 11 | **लीडिंग एक्टर** | **जॉकिन फोनिक्स** (Joker) |
| 12 | सपोर्टिंग एक्ट्रेस | लौरा डर्न (Marriage Story) |
| 13 | सपोर्टिंग एक्टर | ब्रैड पिट (Once Upon a Time... in Hollywood) |
| 14 | ओरिजिनल स्कोर | Joker |
| 15 | कास्टिंग | Joker |
| 16 | सिनेमेटोग्राफी | 1917 |
| 17 | एडिटिंग | LE MANS '66 |
| 18 | प्रोडक्शन डिज़ाइन | 1917 |
| 19 | कोस्टुम डिज़ाइन | जैकलीन दुर्रान (Little Women) |
| 20 | मेक अप & हेयर | विवियन बेकर, काजु हिरो, ऐनी मॉर्गन (Bombshell) |
| 21 | साउंड | 1917 |
| 22 | स्पेशल विसुअल्स इफेक्ट्स | 1917 |
| 23 | ब्रिटिश शोर्ट एनिमेशन | Grandad Was A Romantic |
| 24 | ब्रिटिश शोर्ट फिल्म | Learning To Skateboard In A Warzone (IF YOU'RE A GIRL) |
| 25 | EE राइजिंग स्टार अवार्ड | माइकल वार्ड |

## ऑस्ट्रेलियन ओपन 2020: देखें विजेताओं और रनर-अप की पूरी सूची

- ऑस्ट्रेलियन ओपन दुनिया की प्रमुख चार वार्षिक ग्रैंड स्लैम टेनिस चैंपियनशिप में सबसे महत्वपूर्ण चैंपियनशिप है। ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियनशिप को प्रतिवर्ष ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न पार्क में आयोजित किया जाता है। ऑस्ट्रेलियन ओपन की शुरुआत वर्ष 1905 में केवल पुरुष सिंगल्स में लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ़ ऑस्ट्रेलेसिया (अब ऑस्ट्रेलिया) द्वारा की गई थी। पहली बार 1922 में "महिला सिंगल" श्रेणी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन आयोजित किया गया था।
- ऑस्ट्रेलियन ओपन **2020** में, नोवाक जोकोविच ने डोमिनिक थिएम को हराकर पुरुष एकल खिताब जीता, जबकि सोफिया केनिन ने गरबनी मुगुरुजा को हराकर महिला एकल खिताब जीता.

**इस बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेताओं और रनर-अप की पूरी सूची नीचे दी जा रही है:-**

| S.No. | वर्ग | विजेता | रनर-अप |
|---|---|---|---|
| 1 | मेंस सिंगल | **नोवाक जोकोविच** (सर्बिया) | **डोमिनिक थिएम** (ऑस्ट्रिया) |
| 2 | वीमेन सिंगल | **सोफिया केनिन** (अमेरिका) | **गार्बाइन मुगुरुज़ा** (स्पेन) |
| 3 | मिक्स्ड डबल्स | बारबोरा क्रेजिक्कोवा (चेक गणराज्य) और निकोला मेक्टिक (क्रोएशिया) | बेथानी माटेक-सैंड्स (यूएसए) और जेमी मरे (ब्रिटेन) |
| 4 | पुरुषों का डबल्स | राजीव राम (अमेरिका) और जो सैलिसबरी (ब्रिटेन) | मैक्स परसेल (ऑस्ट्रेलिया) और ल्यूक सैविले (ऑस्ट्रेलिया) |
| 5 | महिला डबल्स | टिमिया बाबोस (हंगरी) और क्रिस्टीना म्लादेनोविच (फ्रांस) | सु-वेई हेसिह (चीनी ताइपे) और बारबोरा स्ट्राइकोवा (चेक गणराज्य) |

## ऑस्कर अवार्ड 2020 : ये है Winners की पूरी लिस्ट

ऑस्ट्रेलियन ओपन दुनिया की प्रमुख चार वार्षिक ग्रैंड स्लैम टेनिस चैंपियनशिप में सबसे महत्वपूर्ण चैंपियनशिप है। ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियनशिप को प्रतिवर्ष ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न पार्क में आयोजित किया जाता है। ऑस्ट्रेलियन ओपन की शुरुआत वर्ष 1905 में केवल पुरुष सिंगल्स में लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ़ ऑस्ट्रेलेसिया (अब ऑस्ट्रेलिया) द्वारा की गई थी। पहली बार 1922 में "महिला सिंगल" श्रेणी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन आयोजित किया गया था।

**Winners की लिस्ट -**

- बेस्ट फिल्म का ऑस्कर अवॉर्ड - **पैरासाइट ( यह सर्वोच्च सम्मान पाने वाली 'पैरासाइट' पहली विदेशी फिल्म है)**
- बेस्ट एक्टर ऑस्कर अवॉर्ड - **जोआक्विन फीनिक्स (फिल्म जोकर)**
- बेस्ट एक्ट्रेस का ऑस्कर अवॉर्ड - **Renée Zellweger(फिल्म - जुडी** गार्लेंड)
- बेस्ट डायरेक्टर का ऑस्कर अवॉर्ड - **'बॉन्ग जून हो' (फिल्म -** पैरासाइट)
- बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म का ऑस्कर अवॉर्ड - **पैरासाइट**
- बेस्ट ओरिजिनल स्कोर का ऑस्कर अवॉर्ड - **फिल्म जोकर**
- बेस्ट सिनेमाटोग्राफी का ऑस्कर अवॉर्ड - **फिल्म 1917**
- बेस्ट विजुएल इफेक्ट्स के लिए ऑस्कर अवॉर्ड - **फिल्म 1917 को मिला** ( Roger Deakins)
- बेस्ट साउंड एडिटिंग के लिए ऑस्कर अवॉर्ड - **फिल्म फोर्ड vs फेरारी**
- बेस्ट फिल्म एडिटिंग का ऑस्कर अवॉर्ड - **फिल्म फोर्ड vs फेरारी**
- बेस्ट साउंड मिक्सिंग का ऑस्कर अवॉर्ड - **मार्क टेलर और स्टुअर्ट विल्सन (फिल्म 1917 के लिए)**
- बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का ऑस्कर अवॉर्ड - **Laura Dern** (फिल्म मैरिज स्टोरी के लिए)
- बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन का ऑस्कर अवॉर्ड - **जैकलीन डुरेन ( फिल्म Little Women )**
- बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन का ऑस्कर अवॉर्ड - **Barabara Ling (फिल्म वन्स अपॉन ए टाइम इन हॉलीवुड के लिए)**
- बेस्ट सेट डेकोरेशन का ऑस्कर अवॉर्ड - **Nancy Haigh (फिल्म वन्स अपॉन ए टाइम इन हॉलीवुड के लिए)**
- बेस्ट लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म का ऑस्कर- **The Neighbors' Window**
- बेस्ट ओरिजिनल स्क्रीनप्ले का ऑस्कर - **फिल्म पैरासाइट**
- बेस्ट एडैप्टेड स्क्रीनप्ले का ऑस्कर - **Taika Waititi, जोजो रैबिट**
- बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का ऑस्कर जीता - **ब्रैड पिट( फिल्म वन्स अपॉन ए टाइम इन हॉलीवुड के लिए )**
- बेस्ट एनिमेटेड फिल्म के लिए ऑस्कर - **टॉय स्टोरी 4**
- बेस्ट एनिमेटेड शॉर्ट फिल्म का ऑस्कर - **हेयर लव**
- डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फीचर- **Learning to Skateboard in a Warzone (If You're a Girl)**
- डॉक्यूमेंट्री फीचर - **अमेरिकन फैक्ट्री**
- बेस्ट म्यूजिक (ओरिजिनल स्कोर) - **जोकर, Hildur Guonadottir**
- बेस्ट म्यूजिक (ओरिजिनल सॉंग) - **"(I'm Gonna) Love Me Again" from Rocketman**
- मेकअप और हेयरस्टाइल- **बॉम्बशेल**

## ESPNcricinfo पुरस्कार 2019 के 13 वें संस्करण की घोषणा

ESPNcricinfo (खेल समाचार वेबसाइट) ने वार्षिक ESPNcricinfo पुरस्कार 2019 के 13 वें संस्करण की घोषणा की. पुरस्कार 12 श्रेणियों के तहत प्रस्तुत किए गए और एक जूरी द्वारा चुने गए, जिसमें पूर्व क्रिकेटर्स, ESPNcricinfo के वरिष्ठ संपादक, लेखक और वैश्विक संवाददाता शामिल थे.

कप्तान ऑफ़ दी इयर: **इयोन जोसेफ जेरार्ड मॉर्गन** को वर्ल्ड कप में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करते हुए वर्ल्ड कप जीतने के लिए 'कप्तान ऑफ़ दी इयर' के रूप में सम्मानित किया गया है

**ESPNcricinfo Awards 2019** की सूची नीचे दी गई है**:**

| **Sl. No.** | **Category** | **Winner** |
|---|---|---|
| **1.** | 'कप्तान ऑफ़ दी इयर | **इयोन मॉर्गन (इंग्लैंड)** |
| **2.** | टेस्ट बैटिंग परफॉरमेंस ऑफ़ दी इयर | **कुसल परेरा (श्रीलंका)** |
| **3.** | टेस्ट बोलिंग परफॉरमेंस ऑफ़ दी इयर | **केमर रोच (वेस्टइंडीज)** |
| **4.** | ODI बैटिंग परफॉरमेंस ऑफ़ दी इयर | **बेन स्टोक्स (इंग्लैंड)** |
| **5.** | ODI बोलिंग परफॉरमेंस ऑफ़ दी इयर | **मैट हेनरी (न्यूजीलैंड)** |
| **6.** | T20I बैटिंग परफॉरमेंस ऑफ़ दी इयर | **ग्लेन मैक्सवेल (ऑस्ट्रेलिया)** |
| **7.** | T20I बोलिंग परफॉरमेंस ऑफ़ दी इयर | **लसिथ मलिंगा (श्रीलंका)** |
| **8.** | डेब्यू ऑफ़ दी इयर | **जोफ्रा आर्चर (इंग्लैंड)** |
| **9.** | वीमेन बैटिंग परफॉरमेंस ऑफ़ दी इयर | **मेग लैनिंग (ऑस्ट्रेलिया)** |
| **10.** | वीमेन बोलिंग परफॉरमेंस ऑफ़ दी इयर | **एलिसे पेरी (ऑस्ट्रेलिया)** |
| **11.** | एसोसिएट बैटिंग परफॉरमेंस ऑफ़ दी इयर | **जॉर्ज मुन्से (स्कॉटलैंड)** |
| **12.** | एसोसिएट बोलिंग परफॉरमेंस ऑफ़ दी इयर | **बिलाल खान (ओमान)** |

## भारत वैश्विक बौद्धिक संपदा सूचकांक 2020 में 40 वें स्थान पर

- वैश्विक बौद्धिक संपदा सूचकांक 2020 में भारत 53 देशों में से 40 वें स्थान पर है. 2019 में 50 देशों के बीच भारत को 36 वें स्थान पर रखा गया था. हालांकि 2020 में भारत का स्कोर 2019 की तुलना में 36.04 प्रतिशत से पूर्ण स्कोर में 2.42 प्रतिशत की छलांग के साथ 38.46 प्रतिशत (50 में से 19.23) हो गया है.
- अमेरिका, ब्रिटेन, स्वीडन, फ्रांस और जर्मनी 2019 में बौद्धिक संपदा सूचकांक में शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में बने रहे और अपना पिछले साल का स्थान बनाए रखा. सूचकांक को यूएस चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर (GIPC) द्वारा तैयार की गई वार्षिक रिपोर्ट के हिस्से के रूप में जारी किया गया था.

## बांग्लादेश ने जीता ICC U-19 क्रिकेट विश्व कप 2020

- **बांग्लादेश** ने दक्षिण अफ्रीका में आयोजित **ICC U-19 क्रिकेट विश्व कप 2020** जीत लिया है। **बांग्लादेश अंडर -19 क्रिकेट टीम** ने भारत के अंडर -19 टीम को 3 विकेट से हराकर दक्षिण अफ्रीका के **जेबी मार्क्स ओवल, पोटचेफस्ट्रूम** में आयोजित आईसीसी **अंडर -19 क्रिकेट विश्व कप 2020** का फाइनल जीत लिया। यह टूर्नामेंट का 13 वां संस्करण था जिसमें दुनिया भर से 16 टीमों ने भाग लिया था
- **बांग्लादेश अंडर -19 क्रिकेट टीम** ने टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार **ICC U-19 क्रिकेट विश्व कप 2020** जीता है

## संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट: भारत को सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स में मिला 77 वां स्थान

- संयुक्त राष्ट्र द्वारा समर्थित रिपोर्ट में **भारत** को **सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स 2020 में 77 वें** और **फ्लोरिशिंग इंडेक्स 2020 में 131 वें स्थान** पर रखा गया है। यह रिपोर्ट **विश्व स्वास्थ्य संगठन** (**World Health Organization**), **संयुक्त राष्ट्र बाल कोष** (**UNICEF**) और **द लैंसेट मेडिकल जर्नल** द्वारा तैयार की गई है.
- **नॉर्वे**, स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण दर के मामलों में इंडेक्स में टॉप स्थान पर है बाद जिसके **- दक्षिण कोरिया** और **नीदरलैंड** है। इस सूची में मध्य अफ्रीकी गणराज्य, चाड और सोमालिया सबसे नीचे हैं.
- सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स में प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन से संबंधित और फ्लोरिशिंग इंडेक्स में बच्चों के पालनपोषण- तथा खुशहाली से संबंधित सूची जारी की जाती है। सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स में 2030 लक्ष्य के हिसाब से अधिक कार्बन उत्सर्जन पर देशों को रैंक दी गई है

## ESPN इंडिया अवाड्र्स की हुई घोषणा: जाने किसने जीता कौन-सा अवार्ड

वर्ष 2019 के ESPN इंडिया अवाड्र्स की घोषणा कर दी गई। **ESPN.in पुरस्कार** कैलेंडर वर्ष के दौरान भारतीय खेलों में खिलाड़ी या टीम द्वारा किए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को सम्मानित करने के लिए दिए जाते हैं। क्रिकेट के ESPNcricinfo के वार्षिक पुरस्कारों में पहले से ही शामिल होने के कारण इसे इन पुरस्कारों में शामिल नहीं किया जाता है। ईएसपीएन अवाड्र्स विभिन्न खेलों में कुल 10 श्रेणियों में प्रदान किए जाते है.

**यहां ईएसपीएन इंडिया अवाड्र्स 2019 के विजेताओं की पूरी सूची दी जा रही है:-**

| S. No. | पुरस्कार | विजेता |
|---|---|---|
| 1 | **स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर (महिला)** | **पीवी सिंधु (बैडमिंटन)** |
| 2 | स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर (पुरुष) | सौरभ चौधरी (पिस्टल शूटर) |
| 3 | इमर्जिंग स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर | दीपक पुनिया (फ्रीस्टाइल रेसलर) |
| 4 | कोच ऑफ द ईयर | पुलेला गोपीचंद (बैडमिंटन) |
| 5 | टीम ऑफ द ईयर | मनु भाकर-सौरभ चौधरी (10 मीटर एयर पिस्टल) |
| 6 | लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड | बलबीर सिंह सीनियर (हॉकी) |
| 7 | कमबैक ऑफ द ईयर | कोनेरू हम्पी (शतरंज) |
| 8 | डिफरेंटली एबल्ड एथलीट ऑफ द ईयर | मानसी जोशी (बैडमिंटन) |
| 9 | **मोमेंट ऑफ द ईयर** | **पीवी सिंधु की विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में जीत** |
| 10 | द करेज अवार्ड | दुती चंद (एथलीट) |

## बर्लिन में 20वें लॉरियस अवाड्र्स की हुई घोषणा, सचिन को बेस्ट स्पोर्टिंग मोमेंट का मिला खिताब

- **लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवाड्र्स** एक वार्षिक पुरस्कार समारोह है, जिसमें साल के दौरान उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ी और टीमों को सम्मानित किया जाता है. इन पुरस्कारों की शुरुआत 1999 में लॉरियस स्पोर्ट फ़ॉर गुड फ़ाउंडेशन के संस्थापक डेमलर और रिकेमॉन्ट द्वारा की गई थी.
- प्रतिष्ठित लॉरियस पुरस्कार पिछले **20 वर्षो** से दिए जा रहे है, जिसे खेल जगत में सर्वश्रेष्ठ मानासमारोह पुरस्कार यह है। जाता- **जर्मनी के बर्लिन** में आयोजित किया गया.

**यहाँ लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवाड्र्स के विजेताओं की पूरी सूची दी जा रही है-:**

| S. No. | पुरस्कार | नाम विजेता |
|---|---|---|
| 1 | लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर: | लुईस हैमिल्टन और लियोनेल मेस्सी |
| 2 | लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्सवुमेन ऑफ द ईयर | सिमोन बाईल्स |
| 3 | लॉरियस वर्ल्ड टीम ऑफ द ईयर | दक्षिण अफ्रीका की पुरुष रग्बी टीम |
| 4 | लॉरियस बेस्ट स्पोर्टिंग मोमेंट | सचिन तेंदुलकर- को टीम इंडिया द्वारा कंधों पर उठाकर स्टेडियम का चक्कर लगाना |
| 5 | लॉरियस वर्ल्ड ब्रेकथ्रू ऑफ द ईयर | ईगन बर्नल |
| 6 | लॉरियस वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर | सोफिया फ्लॉर्श |
| 7 | लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर विथ ए डिसेबिलिटी | ओक्साना मास्टर्स |
| 8 | लॉरियस वर्ल्ड एक्शन स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ़ द इयर: | क्लो किम |
| 9 | लॉरियस लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड: | डिर्क नोविट्ज़की |
| 10 | लॉरियस अकैडमी एक्सेप्शनल अचीवमेंट अवार्ड | स्पेनिश बास्केटबॉल फेडरेशन |
| 11 | लॉरियस स्पोर्ट फॉर गुड अवार्ड | साउथ ब्रोंक्स यूनाइटेड |

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2020

ऑस्ट्रेलियन ओपन दुनिया की प्रमुख चार वार्षिक ग्रैंड स्लैम टेनिस चैंपियनशिप में सबसे महत्वपूर्ण चैंपियनशिप है। ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियनशिप को प्रतिवर्ष ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न पार्क में आयोजित किया जाता है। ऑस्ट्रेलियन ओपन की शुरुआत वर्ष 1905 में केवल पुरुष सिंगल्स में लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ़ ऑस्ट्रेलेसिया (अब ऑस्ट्रेलिया) द्वारा की गई थी। पहली बार 1922 में "महिला सिंगल" श्रेणी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन आयोजित किया गया था।

## Hurun Global Rich List 2020: भारत अरबपतियों के मामलें बना तीसरा देश

- हुरून रिपोर्ट ने सबसे अमीर व्यक्तियों की सूची - **Hurun Global Rich List 2020** जारी की है। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2020 दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों के लिस्ट रिच ग्लोबल हुरून है। सूची की (अरबपतियों डॉलर-यूएस) **9 वें संस्करण** में **71 देशों** और **2,182 कंपनियों के 2,816 अरबपति** को स्थान दिया गया.

**सूची की मुख्य बाते:**

- देशों के मामलें में चीन 799 अरबपतियों के साथ सबसे ऊपर है जबकि अमेरिका 626 अरबपतियों के साथ दूसरे स्थान पर है.
- व्यक्तियों में देखे तो जेफ बेजोस 140 यूएस बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति है।
- चीन का बीजिंग शहर पांचवीं बार 110 अरबपतियों के साथ दुनिया के अरबपतियों की राजधानी बना है.
- केवल चार व्यक्ति इस सूची में 100 बिलियन US डॉलर से अधिक वाले है.
- मुकेश अंबानी सबसे अमीर लोगो की सूची में 67 अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ लैरी पेज और स्टीव बाल्मर के साथ 9 वें स्थान पर है। सूची में टॉप 10 में मुकेश अंबानी ही केवल एकमात्र एशियाई व्यक्ति है

**Hurun Global Rich List 2020 में शामिल दस सबसे अमीर व्यक्ति:-**

| **रैंक** | **नाम** | **संपत्ति (यूएस $ बिलियन)** | **मुख्य कंपनी** | **देश** |
|---|---|---|---|---|
| **1** | जेफ बेजोस | 140 | अमजोन | अमेरीका |
| **2** | बर्नार्ड अरनॉल्ट | 107 | LVMH | फ्रांस |
| **3** | बिल गेट्स | 106 | माइक्रोसॉफ्ट | अमेरीका |
| **4** | वारेन बफेट | 102 | बर्कशायर हैथवे | अमेरीका |
| **5** | मार्क जकरबर्ग | 84 | फेसबुक | अमेरीका |
| **6** | अमानसियो ओर्टेगा | 81 | ज़ारा | स्पेन |
| **7** | कार्लोस स्लिम हेलू एंड परिवार | 72 | अमेरिका Movil | मेक्सिको |
| **8** | सर्गी ब्रिन | 68 | गूगल | अमेरीका |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **9** | लेरी पेज | 67 | गूगल | अमेरीका |
| **9** | **मुकेश अंबानी** | **67** | **रिलायंस** | **भारत** |
| **9** | स्टीव बाल्मर | 67 | माइक्रोसॉफ्ट | अमेरीका |

**Hurun Global Rich List 2020 में शामिल शीर्ष दस इस प्रकार है:-**

| **रैंक** | **देश** | **अरबपतियों की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | चीन | 799 |
| 2 | अमेरीका | 626 |
| **3** | त | **137** |
| 4 | जर्मनी | 122 |
| 5 | यूके | 119 |
| 6 | रूस | 91 |
| 7 | स्विट्जरलैंड | 88 |
| 8 | ब्राज़िल | 69 |
| 9 | थाईलैंड | 57 |
| 10 | फ्रांस | 51 |

## राज्यसभा की 55 सीटों पर 26 मार्च को होगा मतदान, शाम में ही की जाएगी मतगणना

- **भारत के निर्वाचन आयोग** (**Election Commission of India**) ने अप्रैल में खाली होने वाली **17 राज्यों की 55 राज्यसभा** सीटों पर होने वाले मतदान कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। कार्यक्रम के अनुसार, चुनाव की **अधिसूचना 6 मार्च** को जारी होगी, **13 मार्च नामांकन** दाखिल करने की अंतिम तारीख होगी और **मतदान 26** मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा **वोटों की गिनती उसी दिन शाम 5 बजे** की जाएगी।
- अप्रैल में जिन प्रमुख नेताओं का कार्यकाल समाप्त हो रहा है उनमे **एनसीपी नेता शरद पवार**, केंद्रीय मंत्री **रामदास अठावले**, कांग्रेस के दिग्गज नेता **मोतीलाल वोरा**, कांग्रेस के **दिग्विजय सिंह** और पूर्व केंद्रीय मंत्री **विजय गोयल शामिल** हैं। **महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 7** सीटें खाली हो रही हैं और उसके बाद **तमिलनाडु में 6** सीटें खाली होंगे हैं

## डोनाल्ड ट्रम्प का भारत दौरा: जाने कैसा रहा 24 फरवरी का कार्यक्रम

- ऑस्ट्रेलियन ओपन दुनिया की प्रमुख चार वार्षिक ग्रैंड स्लैम टेनिस चैंपियनशिप में सबसे महत्वपूर्ण चैंपियनशिप है। ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियनशिप को प्रतिवर्ष ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न पार्क में आयोजित किया जाता है। ऑस्ट्रेलियन ओपन की शुरुआत वर्ष 1905 में केवल पुरुष सिंगल्स में लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ़ ऑस्ट्रेलेसिया (अब ऑस्ट्रेलिया) द्वारा की गई थी। पहली बार 1922 में "महिला सिंगल" श्रेणी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन आयोजित किया गया था।

**"नमस्ते ट्रम्प " कार्यक्रम-:**

- साबरमती आश्रम की यात्रा के बाद दोनों नेता दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम पहुंचे में "स्टेडियम पटेल सरदार", जहां उन्होंने **"नमस्ते ट्रम्प"** कार्यक्रम में भाग लिया और वहां उपस्थित लाखों लोगों को संबोधित किया, इस स्टेडियम को भी से नाम के "स्टेडियम मोटेरा" है। जाता जाना **"नमस्ते ट्रम्प"** कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

**ताजमहल का दीदार:**

- "नमस्ते ट्रम्प" कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद अमेरिका का प्रतिनिधिमंडल दुनिया के 7 अजूबों में शामिल आगरा के प्रतिष्ठित खेरिया के आगरा में प्रदेश उत्तर लिए के करने दौरा का "ताजमहल" लेडी फर्स्ट और राष्ट्रपति अमेरिकी पर अड्डे हवाई पहुंचा। पर एयरपोर्ट राज्यपाल और आदित्यनाथ योगी मुख्यमंत्री के प्रदेश उत्तर स्वागत का रा अमेरिकी किया। ने पटेल आनंदीबेनष्ट्रपति और फर्स्ट लेडी मशहूर ताजमहल पहुंचे और ऐतिहासिक स्मारक की सुंदरता की तारीफ की। ताजमहल का दीदार करने के बाद अमेरिकी प्रतिनिधि दल अपने शेष कार्यक्रमों के लिए दिल्ली रवाना हो गए थे।

## दादा साहब फाल्के अवाड्र्स 2020 की हुई घोषणा, सुपर 30 को मिला बेस्ट फिल्म का खिताब

- **मुंबई में दादासाहेब फाल्के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह पुरस्कार 2020** की घोषणा की गई। अभिनेता **रवि दुबे** ने इस कार्यक्रम को होस्ट किया। ऋतिक रोशन को फिल्म सुपर" 30" के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार दिया गया है।
- दादासाहेब फाल्के **अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह** सबसे रचनात्मक फिल्म निर्माताओं को सम्मानित करने और प्रोत्साहित करने और इस क्षेत्र में दिए योगदान को सराहने का एक प्रतिष्ठित मंच है। DPIFF पुरस्कार उन योग्य कहानीकारों, रचनात्मक लेखकों, भावुक फिल्म निर्माताओं और महानकलाकारों को दिया जाता है, जो भारतीय सिनेमा को महान बनाने में योगदान देते है।

**दादा साहब फाल्के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह पुरस्कार 2020 के विजेताओं की पूरी सूची नीचे दी जा रही है:-**

| S. No. | पुरस्कार | विजेता |
|---|---|---|
| 1 | बेस्ट फिल्म | **सुपर 30** |
| 2 | बेस्ट एक्टर | **ऋतिक रोशन (सुपर 30)** |
| 3 | मोस्ट प्रॉमिसिंग एक्टर | किच्छा सुदीप |
| 4 | बेस्ट एक्टर इन टेलीविजन सीरिज | धीरज धूपर |
| 5 | बेस्ट एक्ट्रेस इन टेलीविजन सीरिज | दिव्यांका त्रिपाठी |
| 6 | मोस्ट फेवरेट टेलीविजन एक्टर | हर्षद चोपडा |
| 7 | मोस्ट फेवरेट कपल इन टेलीविज़न सीरीज | श्रीति झा और शब्बीर अहलूवालिया (कुमकुम भाग्य) |
| 8 | बेस्ट टेलीविजन सीरिज | कुमकुम भाग्य |
| 9 | बेस्ट प्लेबैक सिंगर (मेल) | अरमान मलिक |
| 10 | बेस्ट रियलिटी शो | बिग बॉस 13 |

## अमेरिका, चीन को पीछे छोड़ बना भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार

- अमेरिका, चीन को पीछे छोड़ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2018-19 में अमेरिका और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 88 बिलियन डॉलर का रहा, जबकि इसी अवधि में चीन के साथ भारत का व्यापार लगभग 87.1 बिलियन डॉलर का था। वर्ष 2019-20 में अप्रैल से दिसंबर के बीच अमेरिका और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार चीन के साथ हुए लगभग 65 बिलियन डॉलर की तुलना में करीब 68 बिलियन डॉलर रहा था।
- दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (free trade agreement) को लेकर बातचीत अंतिम दौर में है, जिसके बाद द्विपक्षीय व्यापार अलग ही स्तरों पर पहुंचने की संभावना है।
- भारत के निर्यात के साथ-साथ आयात भी अमेरिका के साथ बढ़ रहा हैं, जबकि चीन के साथ इन दोनों में ही गिरावट देखी गई है। अमेरिका उन कुछ चुनिंदा देशों में शामिल है जिनके साथ भारत का व्यापार सरप्लस है। वहीँ दूसरी ओर, भारत और चीन के बीच बहुत बड़ा व्यापार घाटा है। आकड़ों से पता चला है कि भारत 2013-14 से 2017-18 तक चीन का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार रहा था।

## भारत और अमेरिका ने तीन बिलियन डॉलर के रक्षा समझौतों पर किए हस्ताक्षर

- **भारत और अमेरिका** ने उनके बीच चल रहे **3 बिलियन डॉलर** के **रक्षा सौदों** को अंतिम रूप दे दिया है। भारत ने विश्व के बेहतरीन **अपाचे और एमएच -60 रोमियो हेलीकॉप्टरों** सहित 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर के उन्नत अमेरिकी सैन्य उपकरण खरीदने पर सहमति जताई हैं।

- इन समझौतों पर हस्ताक्षर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत की यात्रा पर आये **अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प** के बीच हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद किए गए। इस सौदे के तहत, भारत लॉकहीड मार्टिन से नौसेना के लिए 2.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर के 24 एमएच -60 रोमियो हेलीकॉप्टर खरीदेगा। साथ ही एयरोस्पेस दिग्गज बोइंग से 800 मिलियन अमरीकी डालर में 6 AH-64E अपाचे हेलीकॉप्टरों का अधिग्रहण करने का अनुबंध भी किया गया है।
- भारत और अमेरिका के बीच रक्षा और सुरक्षा संबंध पिछले छह वर्षों में बहुत अधिक अच्छे रहे हैं। जिसमे साल 2019 में द्विपक्षीय रक्षा व्यापार ने करीब 18 बिलियन अमरीकी डॉलर का आंकड़ा छू लिया, जो दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा सहयोग को दर्शाता है।

## इसरो मार्च में करेगा जियो इमेजिंग सैटेलाइट "GISAT-1" का प्रक्षेपण

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अगले महीने जियो इमेजिंग सैटेलाइट "GISAT-1" लॉन्च करने की घोषणा की है। GISAT-1 को जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी-एफ 10) द्वारा श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) के दूसरे लॉन्च पैड से लॉन्च किया जाएगा। जीआईएसएटी -1 का प्रक्षेपण 05 मार्च, 2020 को भारतीय समयानुसार 17:43 बजे IST पर निर्धारित किया गया है.

**GISAT-1:**

- जियो इमेजिंग सैटेलाइट "GISAT-1" एक फुर्तीला पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है जिसे जीएसएलवी-एफ 10 द्वारा जियोसिंक्रोनस स्थानांतरण कक्षा में स्थापित किए योजना की बनाई गई है। लगभग 2275 किलोग्राम वजनी यह उपग्रह ऑनबोर्ड संचालक शक्ति प्रणाली की मदद से अंतिमभूस्थिर कक्षा में पहुंच जाएगा। जीएसएलवी की उड़ान 4 मीटर व्यास वाले ओगिव आकार का पेलोड ले जाएगी.

## बैंकिंग और वित्तीय समाचार

- भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) 10 फरवरी से 14 फरवरी, 2020 तक "वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2020" का आयोजन करेगा. वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2020 का विषय "Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs)" है.
- निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (डिपॉज़िट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन - DICGC) ने भारत सरकार की मंजूरी मिलने के बाद 4 फरवरी, 2020 से सभी बीमाकृत बैंकों में जमाकर्ताओं के लिए बीमा कवरेज को एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख कर दिया है.
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शहरी सहकारी बैंकों और बहु-राज्य सहकारी बैंकों पर बेहतर नियंत्रण बनाने और भारतीय रिजर्व बैंक को मजबूत बनाने के लिए बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 में संशोधन को मंजूरी दे दी है.
- 'द बैंकर्स टॉप 500 बैंकिंग ब्रांड्स 2020' रिपोर्ट के अनुसार, इंडसइंड बैंक 'ब्रांड मूल्य में सबसे ज्यादा वृद्धि' (Highest increase in brand value) के मामले में दुनिया भर के बैंकों की सूची में सबसे ऊपर है। इस रिपोर्ट बताया गया है कि पिछले 12 महीनों में इंडसइंड बैंक के ब्रांड मूल्य में 122% की वृद्धि हुई है, जिसके कारण इसे इस सूची शीर्ष स्थान दिया गया है.
- भारत की पुनर्बीमा कंपनी, जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (GIC Re) ने रूस में पुनर्बीमा व्यवसाय शुरू करने के लिए रूसी संघ के सेंट्रल बैंक (रूस के बैंक) से लाइसेंस प्राप्त किया है.
- भारतीय रिजर्व बैंक ने बंधन बैंक पर लगाए गए प्रतिबंधों को हटा दिया है, जिसके बाद वह अब बिना पूर्व अनुमति के नई शाखाएं खोल सकता है। RBI ने यह फैसला कुछ नियामक शर्तों के लिया है, जिसमे बैंक को निर्देश दिया कि वह कुल बैंकिंग शाखाओं की लगभग 25% शाखाएं ग्रामीण क्षेत्रों में खोलने का आदेश देगा, जहाँ बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं
- एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने आधार से जुड़े खातों पर एक भुगतान प्रणाली (Aadhaar-enabled Payment System) लॉन्च की है। यह सुविधा पेमेंट्स बैंक द्वारा पूरे देश में 2,50,000 से अधिक बैंकिंग पॉइंट्स पर शुरू की गई है.
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (आरआरबी को छोड़कर), सभी लघु वित्त बैंकों और सभी स्थानीय बैंकों को सभी नए अस्थिर दर वाले ऋणों (floating rate loans) को बाहरी बेंचमार्क के साथ मध्यम उद्यमों से जोड़ने का निर्देश दिया है. RBI द्वारा यह निर्णय मौद्रिक नीति के प्रेषण (monetary policy transmission) को और अधिक मजबूत करने के लिए लिया गया है.
- वित्त सचिव राजीव कुमार ने "बड़ौदा स्टार्टअप बैंकिंग" का उद्घाटन किया है. इस पहल का उद्देश्य बैंक ऑफ बड़ौदा (BoB) को स्टार्ट-अप कंपनियों के लिए पसंदीदा बैंकिंग सहयोगी बनाना और अगले दो वर्षों में 2,000 से ज्यादा स्टार्ट-अप्स को इस पहल के साथ जोड़ना है. इस पहल को देश के 15 शहरों में एक साथ शुरू किया गया है.

## आर्थिक समाचार

- वित्त मंत्रालय ने भारत का राजपत्र G.S.R. 95 (ई) दिनांक 7 फरवरी, 2020 में 'एक रुपये के करेंसी नोटों का मुद्रण नियम, 2020' को अधिसूचित किया हैं.
- अमेरिका ने भारत को उन विकासशील देशों की सूची से हटा दिया, जो इस बात की जांच से छूट रखते हैं कि क्या वे गलत सब्सिडी वाले निर्यात से अमेरिकी उद्योग को नुकसान पहुंचाते हैं। अमेरिका के व्यापार प्रमुख (USTR) ने ब्राजील, इंडोनेशिया, हांगकांग, दक्षिण अफ्रीका और अर्जेंटीना सहित कई देशों को सूची से हटा दिया हैं.
- इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट ने वर्ष 2020 के अपने वैश्विक विकास पूर्वानुमान को 2.3% से घटाकर 2.2% कर दिया किया है। यह बदलाव चीन सहित विश्व स्तर पर नए कोरोनावायरस के फैलने के कारण किया गया हैं.
- अमेरिका की थिंक टैंक "वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू" की रिपोर्ट के अनुसार, भारत, ब्रिटेन और फ्रांस को पीछे छोड़ साल 2019 में 5 वीं सबसे बड़ी विश्व अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है.
- अमेरिका की रेटिंग एजेंसी Moody's ने भारत में वर्ष 2020 के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ पूर्वानुमान को 6.6% से घटाकर 5.4% और अगले वित्तीय वर्ष (2020-21) के लिए विकार दर अनुमान को 6.7% से घटाकर 5.8% कर दिया है.

- भारतीय रिजर्व बैंक ने बंधन बैंक पर लगाए गए प्रतिबंधों को हटा दिया है, जिसके बाद वह अब बिना पूर्व अनुमति के नई शाखाएं खोल सकता है। RBI ने यह फैसला कुछ नियामक शर्तों के लिया है, जिसमे बैंक को निर्देश दिया कि वह कुल बैंकिंग शाखाओं की लगभग 25% शाखाएं ग्रामीण क्षेत्रों में खोलने का आदेश देगा, जहाँ बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं

## व्यापार समाचार

- **रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड** ने एक नया व्यापक स्वास्थ्य बीमा **"Reliance Health Infinity"** लॉन्च किया है। इस पॉलिसी में **90 दिन पहले और 180 दिनों के बाद** के अस्पताल में भर्ती होने की सुविधा प्रदान की जायेगी.
- **पेटीएम** ने **छोटे एवं मध्यम कारोबारियों (SMEs)** और अपने **मर्चेंट पार्टनर्स** के लिए **एंड्रॉइड पीओएस डिवाइस** लॉन्च किया है। ये एंड्रॉइड आधारित डिवाइस कारोबारियों को ग्राहकों से विभिन्न तरीकों जैसे **डेबिट और क्रेडिट कार्ड, पेटीएम वॉलेट, यूपीआईआधारित- ऐप और नकदी** से भुगतान लेने में सक्षम बनाएगा.
- **इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट** ने वर्ष 2020 के अपने वैश्विक विकास पूर्वानुमान को **2.3% से घटाकर 2.2%** कर दिया किया है। यह बदलाव चीन सहित विश्व स्तर पर **नए कोरोनावायरस** के फैलने के कारण किया गया हैं.
- **बिरला एस्टेट्स** द्वारा अपने ग्राहकों के लिए **आर्टफिशयल इन्टेलिजेन्स** पर काम करने वाला एक चैटबॉट **"LIDEA"** लॉन्च किया गया है. "LIDEA" के जरिए यूजर्स बिड़ला एस्टेट्स द्वारा बनाई जा आवासीय विकास परियोजनाओं की सटीक जानकारी हासिल कर सकेंगे.
- **बिरला एस्टेट्स** द्वारा अपने ग्राहकों के लिए **आर्टफिशयल इन्टेलिजेन्स** पर काम करने वाला एक चैटबॉट **"LIDEA"** लॉन्च किया गया है. "LIDEA" के जरिए यूजर्स बिड़ला एस्टेट्स द्वारा बनाई जा आवासीय विकास परियोजनाओं की सटीक जानकारी हासिल कर सकेंगे.
- नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया **(NPCI)** ने **UPI** को आसान, सुरक्षित और तुरंत भुगतान सुविधा के रूप में प्रोत्साहित करने के लिए **"UPI Chalega"** इंडस्ट्री अभियान की शुरूआत की है.
- गैरकंपनी निजी बीमाकर्ता जीवन- **भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस व्हाट्सएप चैटबॉट** का इस्तेमाल करने वाली भारत की पहली कंपनी बन गई है. इस सेवा के जरिए कंपनी ने अपने ग्राहकों को पॉलिसी और रिन्यूअल प्रीमियम की सेवा देना शुरू किया। कंपनी व्हाट्सएप चैटबॉट के माध्यम से कार, दोपहिया और यात्रा बीमा बेचने की योजना पर काम रही है.

## योजनाएं / समितियां

- **केंद्र सरकार** ने एक टास्क फोर्स का गठन किया है जिसका उद्देश्य भारत में खतरनाक **कोरोनावायरस** को प्रतिबंधित करना है. टास्क फोर्स में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन, विदेश मंत्री एस जयशंकर, गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी और नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी शामिल हैं. इस कार्य का मुख्य उद्देश्य भारत में नोवेल कोरोनावायरस को फैलने से रोकना है.
- **सरकारी सेवाओं की होम डिलीवरी** सुनिश्चित करने के लिए, कर्नाटक सरकार ने एक **योजना "जनसेवक" शुरू** की है.
- आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री **वाई एस जगन मोहन रेड्डी** ने राज्य के छात्रों के लिए **'जगन्नाथ वास्तु देव' (Jagananna Vasthi Deevena)** नामक योजना का शुभारंभ किया है. यह योजना विभिन्न पोस्ट-इंटरमीडिएट पाठ्यक्रमों में पढ़ रहे छात्रों के छात्रावास और कैंटीन के खर्चों को पूरा करने के लिए शुरू की गई है.

## राज्य समाचार

- मध्य प्रदेश सरकार ने गाँवों की मैपिंग करने के लिए राज्य में ड्रोन लगाने का फैसला किया है। मध्य प्रदेश राज्य के राजस्व विभाग ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत भारतीय सर्वेक्षण के साथ समझौता किया है.
- मध्य प्रदेश के राज्यपाल लालजी टंडन ने इंदौर में हुनर हाट का उद्घाटन किया.
- भारत सरकार के क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना "उड़े देश का आम नागरीक (UDAN)" के तहत, नागरिक उड्डयन मंत्रालय (MoCA) ने उत्तराखंड राज्य में पहली बार हेलीकाप्टर सेवाओं का संचालन किया है.
- उत्तराखंड सरकार ने देश में अपनी तरह के पहले ग्लास फ्लोर सस्पेंशन ब्रिज के डिजाइन को मंजूरी दे दी है, जो सख्त आर-पार देखे जाने वाले ग्लास से बनाया जाएगा। यह पुल ऋषिकेश में गंगा नदी पर बनाया जाएगा.
- अगरतला में त्रिपुरा का पहला हॉर्नबिल फेस्टिवल मनाया गया.
- उत्तर प्रदेश सरकार ने भूजल अधिनियम-2020 को अपनी स्वीकृति दे दी है। भूजल अधिनियम -2020 को मंजूरी राज्य में गिरते भूजल स्तर को सुधारने के उद्देश्य से दी गई है.
- हरियाणा राज्य सरकार ने 'रीडिंग मिशन हरियाणा' नाम से एक पहल का शुभारंभ किया है। राज्य के युवा छात्रों के बीच पढ़ने की आदतों को बढ़ावा देने के लिए इस पहल की शुरूआत की गई हैं। यह योजना केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई 'रीडिंग मिशन 2022' की तर्ज पर शुरू की गई है।
- बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) ने महाराष्ट्र में मुंबई के 90 स्टेशनों पर वायु गुणवत्ता निगरानी तंत्र (air quality monitoring network) स्थापना करने की मंजूरी दे दी है.

- मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने पूर्वी इम्फाल के अरपट्टी माईइ लीकाई में 'Anganphou Hunba' (धान की नई फसल) कार्यक्रम का शुभारंभ किया.
- केंद्रीय रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कोलकाता की दूसरी मेट्रो लाइन ईस्ट-वेस्ट मेट्रो रेल के पहले चरण का उद्घाटन किया.
- तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ई. पलानीस्वामी ने तमिलनाडु में सेलम के वाड़पाड़ी में सेलम क्रिकेट फाउंडेशन (SCF) क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन किया.
- हरियाणा सरकार ने पूरे राज्य में अटल किसान - मजदूर कैंटीन खोलने का ऐलान किया। सभी मंडियों और चीनी मिलों पर इन कैंटीनों में किसानों और मजदूरों को 10 रुपये के किफायती मूल्य पर सस्ता एवं अच्छा भोजन उपलब्ध कराया जाएगा हैं.
- त्रिपुरा में भारतीय चाय बोर्ड ने त्रिपुरा चाय विकास निगम (Tripura Tea Development Corporation - TTDC) के सहयोग से "Run for India Tea" का आयोजन किया.
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में 1,200 करोड़ रुपये से अधिक की 50 विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया.
- केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने राजधानी कोच्चि में "Yodhav" (योद्धा) नामक एक मोबाइल ऐप लॉन्च की.
- बिहार सरकार के पर्यावरण और वन विभाग द्वारा पटना में 'प्यार का पौधा' अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान राज्य में पेड़ लगाने के प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू किया गया है.
- उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने श्री बद्रीनाथ और श्री केदारनाथ मंदिर समिति का अधिकारिक वेब पोर्टल लॉन्च किया। इस वेब पोर्टल को उत्तराखंड राज्य राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित किया गया है.
- महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के सरकारी कर्मचारियों के लिए सप्ताह को पांच दिन कार्य दिवस करने का ऐलान किया है.
- आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने राज्य के छात्रों के लिए 'जगन्नाथ वास्तु देव' (Jagananna Vasthi Deevena) नामक योजना का शुभारंभ किया है। यह योजना विभिन्न पोस्ट-इंटरमीडिएट पाठ्यक्रमों में पढ़ रहे छात्रों के छात्रावास और कैंटीन के खर्चों को पूरा करने के लिए शुरू की गई है।
- मध्य प्रदेश यूनिफाइड रजिस्ट्रेशन कार्ड सुविधा शुरू करने वाला देश का पहला राज्य, और उत्तर प्रदेश के बाद यूनिफाइड ड्राइविंग लाइसेंस सेवा शुरू करने दूसरा राज्य बन गया है
- हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में लोसर महोत्सव मनाया जा रहा है, तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव का समापन आज मैक्लोडगंज में विशेष पूजा के साथ हो जाएगा। यह त्यौहार तिब्बती कैलेंडर के पहले दिन मनाया जाता है,जिसे तिब्बती नव वर्ष भी कहा जाता है.
- गुजरात सरकार के युवा एवं सांस्कृतिक मामलों के विभाग द्वारा गुजरात में सांस्कृतिक फेस्टिवल "वसंतोत्सव" का आयोजन किया गया है. गुजरात में गांधीनगर के संस्कृती कुंज में देश की समृद्ध विविध धरोहरों को चिन्हित करने के लिए यह वार्षिक उत्सव आयोजित किया गया.
- महाराष्ट्र सरकार ने पालतू जानवरों की मूल प्रजातियों को बचाने के लिए आनुवंशिक अध्ययन करने का फैसला किया है. इस आनुवंशिक अध्ययन का उद्देश्य महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में पालतू जानवरों की देशी प्रजातियों का संरक्षण करना है.
- केंद्रीय संचार-इलेक्ट्रॉनिक्स आईटी कानून और न्याय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने देहरादून के जॉली ग्रांट हवाई अड्डे पर BSNL FTTH और Wi-Fi सेवाओं का उद्घाटन किया.
- उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने लखनऊ में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती उर्दू, अरबी-फारसी विश्वविद्यालय का नाम बदलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. मंत्रिमंडल ने विश्वविद्यालय का नाम बदलकर ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय करने का निर्णय लिया है
- केरल उच्च न्यायालय ने हाल ही में एक आदेश पारित किया और कॉलेज और स्कूल परिसर में सभी प्रकार के राजनीतिक आंदोलनों पर प्रतिबंध लगा दिया है. विभिन्न रूपों आंदोलन जैसे घेराव और परिसरों में बैठना प्रतिबंधित है, उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि ऐसे विरोध प्रदर्शनों में भाग लेने के लिए किसी को आश्वस्त नहीं किया जा सकता है.

## नियुक्तियाँ / इस्तीफे (राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय)

- जिंदल साउथ वेस्ट (JSW) स्टील ने भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है.
- रेयान रोसलैंस्की मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेफ वेनर को प्रतिस्थापित करके बनेंगे LinkedIn Corp. के मुख्य कार्यकारी अधिकारी.
- कोल इंडिया लिमिटेड के नए अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रमोद अग्रवाल ने अपना पदभार संभाला.
- पैरा-एथलीट और पैरालंपिक खेलों में भारत के लिए पदक जीतने वाली एकमात्र महिला एथलीट दीपा मलिक भारतीय पैरालंपिक समिति की नई अध्यक्ष चुनी गई है.
- गोपाल बागले को श्रीलंका में भारत के अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है.
- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने तीन पूर्व क्रिकेटर मदन लाल, रुद्र प्रताप सिंह और सुलक्षणा नाइक को क्रिकेट सलाहकार समिति (CAC) में शामिल करने की घोषणा की है.
- वर्तमान में पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त अजय बिसारिया को कनाडा में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है.
- सरकार ने एम अजीत कुमार को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने इस नियुक्ति को मंजूरी दे दी है.
- पूर्व भारतीय क्रिकेट ऑलराउंडर रॉबिन सिंह को संयुक्त अरब अमीरात का नया क्रिकेट निदेशक नियुक्त किया गया हैं.
- अतुल कुमार गुप्ता को वर्ष 2020-21 के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (ICAI) का नया अध्यक्ष चुना गया हैं। इसी अवधि के लिए निहार निरंजन जंबुसरिया को ICAI का नया उपाध्यक्ष चुना गया है.
- वयोवृद्ध अंतरिक्ष वैज्ञानिक जी नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की नवगठित वाणिज्यिक इकाई न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) का अध्यक्ष नामित किया गया है.
- वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राजीव बंसल को राष्ट्रीय वाहक एयर इंडिया का अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नामित किया गया है. वह अश्वनी लोहानी का स्थान लेंगे.
- राजीव रंजन को रजनी सेखरी सिब्बल के स्थान पर मत्स्य सचिव बनाया गया है, जो इस महीने सेवानिवृत्त हो रहे हैं.
- भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के सीईओ पवन कुमार अग्रवाल को उपभोक्ता मामलों का सचिव नामित किया गया है.

- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की महानिदेशक उषा शर्मा को सचिव के रूप में युवा मामलों के विभाग में स्थानांतरित किया गया है.
- महंत नृत्य गोपाल दास को राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट का अध्यक्ष चुना गया है। वहीँ चंपत राय ट्रस्ट के महासचिव होंगे.
- मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) के सेवानिवृत्त अधिकारियों अमरजीत सिन्हा और भास्कर खुल्बे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नया सलाहकार नियुक्त किया है.
- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति द्वारा संजय कोठारी को नया केंद्रीय सतर्कता आयुक्त चुना गया है.
- ऑस्ट्रेलिया ने बैरी ओ फ्रेल को भारत में अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया है। वह हरिन्द्र सिद्धू का स्थान लेंगे जो 2016 से इस पद पर कार्यरत हैं.
- GoAir ने जेट एयरवेज के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) विनय दूबे को अपना नया CEO नियुक्त किया है.
- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने सुनील गुरबक्सानी को तीन साल की अवधि के लिए धनलक्ष्मी बैंक का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है.
- राजलक्ष्मी सिंह देव को दोबारा भारतीय रोइंग महासंघ (Rowing Federation of India - RFI) का अध्यक्ष चुना गया है.
- यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल (USIBC) ने विजय आडवाणी को अपने वैश्विक निदेशक मंडल का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है.
- हाइड्रोपावर दिग्गज कंपनी नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन (NHPC) ने अभय कुमार सिंह को अपना नया अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक बनाने की घोषणा की। वह रतीश कुमार का स्थान लेंगे.
- मास्टरकार्ड ने घोषणा की है कि कंपनी के वर्तमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय बंगा अगले वित्त वर्ष की शुरुआत में पद से हट जाएंगे और इनकी जगह मुख्य उत्पाद अधिकारी माइकल माइबैश ले लेंगे.
- भारत में क्रेडिट रेटिंग या ऋण रेटिंग पर जानकारी मुहैया कराने वाली सबसे बड़ी कंपनी Cibil ने HDFC बैंक के राजेश कुमार को अपना नया प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी नियुक्त किए जाने की घोषणा की है.
- पांच बार ग्रैंड स्लैम का खिताब अपने नाम करने वाली मारिया शारापोवा ने टेनिस से संन्यास की घोषणा कर दी है.
- जावेद अशरफ को फ्रांस में भारत का अगला राजदूत बनाया गया है। वह वर्तमान में सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त के रूप में कार्यरत हैं.
- वह विनय मोहन क्वात्रा का स्थान लेंगे, जिन्हें नेपाल में भारत के वर्तमान राजदूत मनोज सिंह पुरी के स्थान पर अगला राजदूत बनाया गया है.
- अभिषेक सिंह को वेनेजुएला गणराज्य में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है.

## खेल समाचार

- एंटी-डोपिंग नियम का उल्लंघन करने का दोषी पाए जाने के बाद नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी ने वेटलिफ्टर रामशाद एआर को 2 साल के लिए निलंबित कर दिया है.
- नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी (NADA) ने भारतीय पहलवान रविंदर कुमार को डोप टेस्ट में फेल होने के लिए 4 साल के लिए निलंबित कर दिया है.
- वेटलिफ्टर सैम्बो लापुंग ने कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप (National Weightlifting Championships) में पुरुषों के 89 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पुरुषों के 89 किग्रा में क्लीन एंड जर्क इवेंट में 188 किलोग्राम भार उठाते हुए नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया.
- महिलाओं की स्पर्धा में राखी हलदर ने 64 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जीता.
- हॉकी इंडिया और भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) ने हाई परफोर्मेंस हॉकी सेंटर्स की स्थापना करने की योजना की घोषणा की है। इन हाई परफोर्मेंस हॉकी सेंटर्स का उद्देश्य जूनियर और सब-जूनियर खिलाड़ियों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करना और 2024 sportsऔर 2028 ओलंपिक गेम्स के मद्देनजर युवा प्रतिभाओं को तैयार करना है। ये हाई परफोर्मेंस हॉकी सेंटर्स पूरे भारत में सात स्थानों पर स्थापित किए जाएंगे.
- लद्दाख स्काउट्स रेजीमेंटल सेंटर (LSRC) रेड ने पुरुष वर्ग में पहली खेलो इंडिया आइस हॉकी टूर्नामेंट 2020 जीता. उन्होंने नेल-बाइटिंग थ्रिलर फाइनल मैच में इंडो तिब्बती बॉर्डर पुलिस (ITBP) की टीम को 3-2 से हराया. 13 टीमों ने खेलो इंडिया आइस हॉकी चैम्पियनशिप में भाग लिया.
- भारत की काम्या कार्तिकेयन (Kaamya Karthikeyan) माउंट एकांकागुआ की चोटी पर चढ़ने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की माउंटेनियर बन गई है। माउंट एकॉनकागुआ एशिया के बाहर और दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी है। अर्जेंटीना की 6962 मीटर ऊंची चोटी पर फतेह करने वाली काम्या कार्तिकेयन सातवीं कक्षा की छात्रा हैं।
- स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस ने साल 2014 में फ्रांस के रेनॉड लविलीन द्वारा पोल वॉल्ट में बनाए वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। आर्मंड डुप्लांटिस ने पोलैंड के टोरुन में आयोजित कोपरनिकस कप में 20 फीट 2.9 इंच या 6.17 मीटर की छलांग लगाकर नया विश्व रिकॉर्ड कायम किया।

- अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने भारतीय स्ट्राइकर लालरेम्सियामी को वर्ष 2019 FIH की वीमेन राइजिंग स्टार ऑफ ईयर चुना है.
- आदित्य मेहता और विद्या पिल्लई ने महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित नेशनल स्नूकर चैम्पियनशिप में जीत दर्ज की है। आदित्य मेहता ने विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी को हराकर राष्ट्रीय स्नूकर चैम्पियनशिप का पुरुष खिताब अपने नाम किया।
- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने ऑस्ट्रेलिया को ICC वीमेन चैम्पियनशिप ट्रॉफी 2020 से सम्मानित किया गया, जिसे उन्होंने 2017 से 2020 के दौरान आठ टीमों के बीच खेली गई एक दिवसीय चैंपियनशिप में जीत हासिल करके बरकरार रखा।
- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने बांग्लादेश के तीन और भारत के दो अंडर -19 क्रिकेटरों को नियमों का उल्लंघन करने के लिए दंडित किया है। ICC ने खिलाड़ियों पर प्रतिबन्ध ICC आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगाया है। दोषी पाए जाने वाले खिलाड़ियों में बांग्लादेश के तौहीद हृदय, शमीम हुसैन और रकीबुल हसन, और भारत के आकाश सिंह और रवि बिश्नोइ शामिल हैं।
- खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2020 की घोषणा की है जो इस महीने के अंत में केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में आयोजित किया जाएगा और इसके बाद मार्च में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में एक समान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा.
- न्यूजीलैंड के दिग्गज क्रिकेटर रॉस टेलर क्रिकेट के तीनों फोर्मट्स में 100 मैच खेलने वाले विश्व के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने ये रिकॉर्ड भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट श्रृंखला के पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कायम किया.
- बीसीसीआई ने साल 2020 में होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के 13 वें संस्करण के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है.
- एशियाई फुटबॉल परिसंघ (AFC) ने मलेशिया के कुआलालंपुर में घोषणा की है कि भारत साल 2022 में होने वाले एशियाई फुटबॉल परिसंघ (AFC) के महिला एशियाई कप की मेजबानी करेगा.
- केंद्रीय खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने भारत में 2 नवंबर 2020 से शुरू होने वाले फीफा अंडर -17 महिला फुटबॉल विश्व कप 2020 के 5 मेजबान शहरों के नामों की घोषणा की.
- अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (All India Football Federation - AIFF) को एशियाई फुटबॉल परिसंघ के 'ग्रासरूट चार्टर ब्रांज लेवल' का सदस्य बनाए जाने की घोषणा की गई है.
- भारत साल 2021 में होने वाले जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा। स्विट्जरलैंड के लुसाने में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (International Hockey Federation-FIH) ने यह घोषणा की.
- भारत की कोनेरू हम्पी ने अमेरिका के सेंट लुई में आयोजित केयर्न्स कप शतरंज टूर्नामेंट जीत लिया है.
- इस साल टोक्यो में आयोजित किए जाने ओलंपिक खेलों की आयोजन समिति ने टोक्यो ओलंपिक 2020 के आधिकारिक आदर्श वाक्य: "यूनाइटेड बाय इमोशन" को जारी किया है.
- नई दिल्ली में एशियन रेसलिंग चैम्पियनशिप 2020 शुरू हुई.
- राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने हरियाणा के जेवलिन थ्रो खिलाड़ी अमित दहिया पर 4 चार साल का बैन लगा दिया है। उन पर सोनीपत के SAI सेंटर में आयोजित दूसरी नेशनल जेवलिन थ्रो ओपन चैंपियनशिप 2019 के दौरान नमूना देने से बचने और अधिकारियों को धोखा देने की कोशिश के चलते बैन किया गया है.
- बाएं हाथ के भारतीय स्पिनर प्रज्ञान ओझा ने अंतरराष्ट्रीय और प्रथम श्रेणी क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है.
- एशियाई फुटबॉल परिसंघ (Asian Football Confederation) चैंपियंस लीग की ग्रुप स्टेज के लिए क्वालीफाई करने वाला FC गोवा पहला भारतीय क्लब बन गया.
- भारत के ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने फ्रांस में 34 वीं कान ओपन शतरंज प्रतियोगिता में जीत दर्ज की है। उन्होंने 50 चालों में फ्रांस के हरुटुन बारगेसेयन को हराकर यह शतरंज टूर्नामेंट अपने नाम किया। वहीँ भारत के शिवा महादेवन छह अंकों के साथ 10 वें स्थान पर रहे.
- रूस अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (International Boxing Association) टीम विश्व कप 2020 के नए फॉर्मेट की मेजबानी करने वाला पहला देश होगा. इस टूर्नामेंट का आयोजन द्वितीय विश्व युद्ध की 75 वीं वर्षगांठ पर "Boxing for peace" के विषय पर किया जाएगा.
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ओडिशा में कटक के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में देश के पहले खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी खेल कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इसमें देश भर के 159 विश्वविद्यालयों के लगभग 3,400 एथलीट 17 स्पर्धाओं में भाग लेंगे.
- भारत जनवरी 2022 में होने वाली राष्ट्रमंडल निशानेबाजी और तीरंदाजी चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (Commonwealth Games Federation - CGF) ने लंदन में हुई कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद इस निर्णय की घोषणा की.
- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (International Cricket Council - ICC) ने ओमान के क्रिकेटर यूसुफ अब्दुलरहीम अल बलुशी पर क्रिकेट के सभी फोर्मट्स में खेलने पर 7 साल बैन लगाया है.

## महत्वपूर्ण दिन

- 6 फरवरी को विश्व स्तर पर महिला जननांग विकृति के खिलाफ़ अंतर्राष्ट्रीय शून्य असहिष्णुता दिवस मनाया जाता है. 2020 विषय: Unleashing Youth Power
- विश्व स्तर पर हर साल 2 फरवरी को विश्व आर्द्रभूमि दिवस यानि विश्व वेटलैंड्स दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाए जाने का उद्देश्य लोगों और पृथ्वी के लिए वेटलैंड्स द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका

के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष के विश्व वेटलैंड्स दिवस का विषय "Wetlands and Biodiversity" है.

- विश्व कैंसर दिवस 4 फरवरी को विश्व स्तर पर मनाया गया था इस वर्ष इसका विषय 'I Am and I Will' था.
- विश्व दलहन दिवस वर्ष 2019 से हर साल 10 फरवरी को मनाया जाता है.
- पूरे देश में 10 फरवरी को राष्ट्रीय डीवॉर्मिंग दिवस मनाया गया.
- International Day of Women and Girls in Science: विश्व स्तर पर 11 फरवरी को विज्ञान में महिलाओं एवं बालिकाओं का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है.
- विश्व यूनानी दिवस अथवा World Unani Day प्रत्येक वर्ष 11 फरवरी को विश्व स्तर पर मनाया जाता है।
- National Productivity Day यानि राष्ट्रीय उत्पादकता दिवस प्रतिवर्ष 12 फरवरी को मनाया जाता है.
- संयुक्त राष्ट्र हर साल 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस (World Radio Day) मनाता है.
- भारत हर साल 13 फरवरी को सरोजिनी नायडू के जन्मदिन को राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाता है. इस वर्ष राष्ट्र ने इनका 141वां जन्मदिन मनाया.
- अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस फरवरी 2000 के बाद से हर साल 21 फरवरी को विश्व स्तर पर मनाया जाता है.
- विश्व स्तर पर हर साल 20 फरवरी को सामाजिक न्याय के लिए विश्व दिवस अर्थात World Day of Social Justice मनाया जाता है. वर्ष 2020 की थीम: "Closing the Inequalities Gap to Achieve Social Justice"
- हर साल 19 फरवरी को Soil Health Card Day यानि मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिवस मनाया जाता है.
- हर साल फरवरी के तीसरे शनिवार को विश्व पैंगोलिन (World Pangolin Day)दिवस मनाया जाता है.
- देश भर में हर साल 24 फरवरी को केंद्रीय उत्पाद शुल्क दिवस मनाया जाता है. यह दिन केंद्रीय उत्पाद और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीईसी) द्वारा दी जा सेवाओ, और उनसे जुड़े अधिकारियों को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है.
- विश्व स्तर पर 27 फरवरी को विश्व एनजीओ (NGO) दिवस मनाया जाता है. इस दिन को मनाए जाने का उद्देश्य गैर-सरकारी संगठन (Non-Governmental Organisation) क्षेत्र के बारे में जागरूकता बढ़ाना है.
- राष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल, प्रोटीन का अधिकार द्वारा 27 फरवरी को भारत के पहले 'प्रोटीन दिवस' को मनाए जाने की शुरूआत की गई। इस दिन को मनाए जाने का उद्देश्य भारत में प्रोटीन के स्वास्थ्य लाभों के बारे लोगो का ध्यान आकर्षित करना, जागरूकता बढ़ाना और शिक्षित करना है. भारतीय प्रोटीन दिवस 2020 का विषय सभी नागरिकों के लिए रोजाना खुद से और दूसरों से पूछना कि "प्रोटीन मे क्या है" निर्धारित किया गया है.

## शिखर और सम्मेलन

- इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो (IISS) का 22 वां संस्करण केरल के कोच्चि में शुरू हुआ. इस साल के सीफूड शो का विषय "Blue Revolution- Beyond Production to Value Addition"है.
- लखनऊ ने 5 वें भारत-रूस सैन्य औद्योगिक सम्मेलन की मेजबानी की. भारत-रूस सैन्य औद्योगिक सम्मेलन में 100 से अधिक रूसी और 200 से अधिक भारतीय उद्योग जगत के नेताओं ने भाग लिया. टी -72, टी -90, एएसडब्ल्यू रॉकेट लांचर, रडार सिस्टम और 3 डी मॉडलिंग जैसे भागों के विभिन्न रक्षा उपकरणों के उत्पादन के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए थे
- फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने नई दिल्ली में "सेंट्रल एशिया बिजनेस काउंसिल" का आयोजन किया है.
- ढाका आर्ट सम्मेलन के 5वें संस्करण का उद्घाटन बांग्लादेश के ढाका में किया गया. इस शिखर सम्मेलन का उद्घाटन बांग्लादेश के सांस्कृतिक मामलों के राज्य मंत्री केएम खालिद ने किया था. समिट में विभिन्न देशों के 500 से अधिक कलाकार, मूर्तिकार, आर्किटेक्ट और कला पेशेवर हिस्सा ले रहे हैं.
- इथियोपिया के अदिस अबाबा में 33 वां अफ्रीकी संघ (AU) शिखर सम्मेलन का आयोजित किया गया। अफ्रीकी संघ (AU) शिखर सम्मेलन का 33 वां संस्करण "साइलेंसिंग द गन्स: क्रिएटिंग अड्रेसिव कंडीशन्स फॉर अफ्रीका डेवलपमेंट" की पर आयोजित किया गया.
- महाराष्ट्र के मुंबई में ई-गवर्नेंस 2020 पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का विषय : इंडिया 2020: डिजिटल ट्रांस्फोर्मिंग था। साथ ही सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस अवाड्र्स 2020 भी प्रदान किए गए।
- वडोदरा के गुजरात में 15 से 17 फरवरी, तक विशाल औद्योगिक प्रदर्शनी 'Engiexpo 2020' के छठे संस्करण का आयोजन किया जाएगा । 'मेड इन इंडिया' उत्पादो को बढ़ावा देने के लिए फेडरेशन ऑफ स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज (FSSI) इस तीन दिवसीय मेगा प्रदर्शनी का आयोजन करेगा।.
- जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ClimFishCon 2020, 12 फरवरी को 'hydrological cycle, ecosystem, fisheries and food security' के विषय पर केरल में शुरू होगा.
- मध्य प्रदेश के भोपाल में राष्ट्रीय जल सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने किया.
- हरियाणा के मानेसर में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) द्वारा 'आतंकवाद की उभरती रूपरेखा तथा आईईडी के खतरे की समझ' के विषय पर 20वां अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जा रहा है।
- महाराष्ट्र के मुंबई में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (National Institute of Disaster Management-NIDM) द्वारा भारतीय बीमा संस्थान के साथ साझेदारी में 'आपदा जोखिम के वित्त पोषण, बीमा और जोखिम हस्तांतरण' पर राष्ट्रीय कार्यशाला" का आयोजन किया गया.
